# State Council of Educational Research and Training

(An autonomous body under Department of Education, Govt. of NCT of Delhi)
VarunMarg, Defence Colony, New Delhi 110024
https://scert.delhi.gov.in


फ़ाइल सं:2.(1)./INSET/Misc./2023-24/3118-27 दिनांक: 25/7/24

## परिपत्र

**विषय - राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 की चतुर्थ वर्षगाँठ के उपलक्ष्य पर शिक्षा सप्ताह के अन्तर्गत विद्यांजलि कार्यक्रम का भव्य आयोजन।**

भारत सरकार शिक्षा मंत्रालय स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग द्वारा प्राप्त D.O. No. 02-05/2024-IS.14 दिनांक 09 जुलाई 2024 के सन्दर्भ में जैसा कि यह विदित है कि भारत सरकार, शिक्षा मंत्रालय द्वारा राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 की चतुर्थ वर्षगाँठ के उपलक्ष्य पर शिक्षा सप्ताह का आयोजन सम्पूर्ण भारतवर्ष में 22-28 जुलाई 2024 को किया जा रहा है । इस अवसर पर विद्यालयों में विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। शिक्षा सप्ताह के अंतर्गत सप्तम दिवस सामुदायिक भागीदारी दिवस के रूप में मनाया जाएगा जिसके अंतर्गत तिथि भोजन तथा विद्यांजलि को समाहित किया गया है। **सप्तम दिवस अर्थात 28 जुलाई रविवार का विद्यालयों में अवकाश होने की स्थिति में 29 जुलाई सोमवार को यह आयोजन विद्यालयों में किया जा सकता है ।** सप्तम दिवस की प्रस्तावित गतिविधियाँ इस प्रकार हैं -

1. विद्यांजलि पोर्टल पर विद्यालय का पंजीकरण करें www.vidyanjali.education.gov.in (यदि विद्यालय पंजीकृत नहीं है तो)
2. सक्रिय स्वयंसेवकों के नाम विद्यालय में प्रसिद्धि भिति / सूचना पट पर प्रदर्शित करें।
3. स्वयंसेवकों हेतु आभार पत्र प्रधानाचार्य / अध्यापक / विद्यार्थियों द्वारा लिखा जाए ।
4. सामुदायिक जागरूकता (रैली, समुदायों में नुक्कड़ नाटक प्रदर्शन, पोस्टर बनाना, विद्यांजलि का लोगो बनाना, स्वयंसेवकों की गतिविधियों पर आधारित चार्ट बनाना)
5. **"वालंटियर बनो अभियान"** - स्कूल प्रबंधक कमेटी के सदस्यों के माध्यम से विद्यालयों और समुदायों में इस गतिविधि का आयोजन किया जा सकता है जिससे कि समुदाय के लोगों को विद्यांजलि स्वयंसेवक बनने के लिए प्रेरित किया जा सके । **इसके सम्बन्ध में दिल्ली विद्यांजलि, एस. सी. ई. आर. टी. द्वारा Each One Connect One का नारा दिया जा रहा है जिसके अंतर्गत सभी अध्यापकों को कम से कम एक व्यक्ति को विद्यांजलि स्वयंसेवक बनाने का प्रयास करना है ।**
6. विद्यांजलि कार्यक्रम के बारे में अध्यापक / विद्यार्थियों / डाइट द्वारा प्रार्थना सभा में बातचीत।
7. रेडियो स्टेशन/ सोशल मीडिया / PMeVidya चैनल / वर्चुअल क्लासरूम द्वारा समुदाय हेतु विद्यांजलि जागरूकता प्रचार ।

इन गतिविधियों के अतिरिक्त PM POSHAN योजना के अंतर्गत तिथि भोजन का आयोजन भी किया जा सकता है । इसके लिए स्कूल प्रबंधक कमेटी के सदस्यों की सहायता ली जा सकती है । समुदाय

से ही इसके लिए स्वयंसेवकों की पहचान की जा सकती है जो इस आयोजन का वहन कर सकें । इसके लिए मंत्रालय द्वारा प्रदत्त दिशा निर्देश परिपत्र के साथ संलग्न हैं।

**सभी विद्यालयों से अनुरोध है कि गतिविधि करवाने के पश्चात् उसे सोशल मीडिया जैसे एक्स, फेसबुक, इन्स्टाग्राम आदि पर भी अपलोड करें** । इसके लिए निम्नलिखित हैश टैग का प्रयोग करें #ShikshaSaptah #NEP2020 #JoinVidyanjali #Vidyanjali @EduMinOfIndia @vidyanjali_edu @VidyanjaliDelhi @SCERT2021 @PMOIndia @DselEduMinistry @drmanishadiet

गतिविधि सम्पूर्ण हो जाने के पश्चात् आँकड़े सम्बंधित सी. आर. सी. सी. को जमा कर दें जिससे कि राज्य स्तर पर आँकड़ों का संग्रहण किया जा सके ।

आपके सहयोग की आशा रहेगी ।

(डॉ. नाहर सिंह)
संयुक्त निदेशक (शैक्षणिक)
एससीईआरटी, दिल्ली

**फ़ाइल सं:. 2.(1)./INSET/Misc./2023-24दिनांक:** 3118-21 दिनांक :- 25/7/24

प्रतिलिपि-:

1. शिक्षा सचिव/अध्यक्ष, एससीईआरटी के निजी सचिव।
2. निदेशक, शिक्षा निदेशालय के निजी सचिव।
3. निदेशक, एससीईआरटी के निजी सचिव।
4. राज्य परियोजना निदेशक, समग्र शिक्षा, दिल्ली
5. शिक्षा निदेशक, एमसीडी के निजी सचिव।
6. सीईओ कैंटोनमेंट बोर्ड के निजी सचिव।
7. सभी प्रधानाचार्य, डाइट/बीएड. विभाग एससीईआरटी, दिल्ली
8. एमआईएस (आईटी को एमआईएस पर अपलोड करने हेतु)।
9. एससीईआरटी पोर्टल (वेबसाइट).
10. गार्ड फाइल

(डॉ. नाहर सिंह)
संयुक्त निदेशक (शैक्षणिक)
एससीईआरटी, दिल्ली